भिलाई निगम में तेज गति से हो रहा है सड़कों पर काम, अधिकारी नियमित रूप से कर रहे हैं निरीक्षण

भिलाई नगर/ महापौर नीरज पाल एवं निगमायुक्त रोहित के निर्देश पर सड़कों की स्थिति सुधारने के लिए तेज गति से काम किया जा रहा है। अधिकतर स्थानों पर डामरीकरण का कार्य पूर्ण हो चुका है और जिन स्थानों पर शेष है वहां तेज गति से डामरीकरण का काम किया जा रहा है। भिलाई निगम में सड़कों की स्थिति अब बेहतर हो चुकी है, नंदनी रोड में सड़क के एक ओर का काम पूरा हो चुका है तथा दूसरे ओर का काम भी शीघ्र ही हो जाएगा। नेहरू नगर क्षेत्र में डामरीकरण का कार्य हो चुका है। नेहरू नगर चौक से सूर्या मॉल चौक तक का डामरीकरण कार्य पूर्ण हो चुका है। इसी प्रकार से प्रियदर्शनी परिसर पश्चिम तथा भिलाई के कई क्षेत्रों में सड़कों की बदहाल स्थिति से लोगों को राहत मिल चुकी है , सड़कों के डामरीकरण के साथ ही रोड मार्किंग तथा ब्लिंकिंग का काम भी किया जा रहा है। सड़कों के डामरीकरण हो जाने से लोगों को आने-जाने में काफी सहूलियत हो रही है। धूल एवं गड्ढों से निजात मिल रहा है। सड़क डामरीकरण को लेकर भिलाई निगम के जोन के अधिकारी इसकी सतत मॉनिटरिंग कर कार्य की प्रगति की समीक्षा कर रहे हैं। गौरतलब है कि निगमायुक्त ने बारिश पूर्व सड़कों के डामरीकरण कार्य को पूर्ण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं।